समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# बारिश, आंधी और तूफान का अलर्ट ! दिल्ली-यूपी मे कब बरसेगें बादल ? जाने देश का नया मौसम अपडेट ।

Publisher

Published on 05 May 2025




**देश के कई राज्यों के मौसम मे बंदलाव देखा गया है. मौसम विभाग ने 5 से 7 मई तक दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों मे बारिश और आंधी-तूफान की संभावना जताई है.**

देश के कई राज्यों ने मौसम ने करवट बदल ली है. मौसम विभाग ने 5 से 7 मई तक दिल्ली-एनसीआर में आंधी-तूफान और बारिश का अनुमान जताया है. उत्तर भारत के राज्यों- बिहार, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब में भी बादल छाए रहने की संभावना है. साथ ही तेज आंधी और बारिश की चेतावनी भी दी गई है. उत्तराखंड में आंधी और बारिश के साथ कुछ क्षेत्रों में बर्फबारी का पूर्वानुमान है. राजस्थान में तेज हवाओं, आंधी-तूफान और बिजली की गरज के साथ बारिश का अनुमान है. इधर, पूर्वोत्तर के राज्यों- ओडिशा, असम और सिक्किम में खराब मौसम बना रहेगा, जबकि दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु में भी मौसम बदलता नजर आ सकता है.

### दिल्ली मे आज के मौसम का हाल

IMD ने अगले दो दिनों में आंधी-तूफान के साथ बारिश की संभावना जताई है. यहां अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है. विभाग के मुताबिक, कल (06 मई) तक तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है. राजधानी दिल्ली में 7 और 8 मई को बादल छाए रहेंगे और इस बीच बारिश भी हो सकती है.

### यूपी मे कैसा रहेगा मौसम

IMD के मुताबिक, आने वाले दिनों में यूपी के कई हिस्सों में बारिश के साथ आंधी और ओलावृष्टि की संभावना है. 6 मई तक कई हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है, लेकिन 8 मई को तेज हवाओं के साथ बादल छट सकते हैं और 9 मई से फिर से गर्मी पड़

सकती है.

**राजस्थान मे मौसम का मिजाज**

IMD ने आने वाले दिनों में राजस्थान के कई भागों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है. मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागों में 5 से 7 मई के दौरान वज्रपात, 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने और मध्यम बारिश होने की संभावना है. 6 से 7 मई को बाड़मेर, जालोर और आसपास के जिलों में कहीं कहीं बारिश हो सकती है.

**हिमाचल प्रदेश मे ऑरेंज अलर्ट जारी**

IMD ने हिमाचल प्रदेश के कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. शिमला और उसके आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को ओलावृष्टि हुई और कई अन्य स्थानों पर भारी बारिश हुई. ऐसे में मौसम ने करवट ले ली है और आज भी इसका मिजाज बदला बदला रह सकता है.

**हरियाणा-पंजाब मे कैसा रहेगा मौसम**

पंजाब और हरियाणा में कई जगहों पर अधिकतम तापमान सामान्य से कुछ डिग्री नीचे दर्ज किया गया और दोनों राज्यों के कुछ हिस्सों में रविवार (04 मई) को मौसम गर्म रहा. हरियाणा-पंजाब के कुछ हिस्सों में आज गर्मी पड़ सकती है.

**जाने इंस राज्यों मे मौसम का हाल**

IMD के मुताबिक, गुजरात, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में आज भारी बारिश होगी. छत्तीसगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश, गुजरात, ओडिशा और उत्तराखंड में आज ओलावृष्टि की संभावना है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.